पत्र संख्या/स्था0अराज0/2022-23/ 5120 /राज्य कर

कार्यालय आयुक्त,राज्य कर उत्तर प्रदेश
(स्थापना अराजपत्रित अनुभाग)
लखनऊः: दिनांक 17 फरवरी,2023

1-समस्त जोनल अपर आयुक्त, राज्य कर,
उत्तर प्रदेश ।

2-अपर निदेशक,
राज्य कर अधिकारी प्रशिक्षण संस्थान, लखनऊ।

....

कृपया उत्तर प्रदेश राज्य कर वैयक्तिक सहायक /आशुलिपिक सेवा संघ, उ0प्र0 के पत्रांक 43 दिनांक 27.12.2022 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसमें आशुलिपिक संवर्ग के प्रान्तीय महामंत्री द्वारा आशुलिपिक संवर्ग के कर्मचारियों की आनलाइन वार्षिक प्रविष्टि से पूर्व मैन्युअल वार्षिक प्रविष्टियों को इम्प्लाई इंफार्मेशन मैनेजमेंट सिस्टम (EIMS) के पोर्टल में अंकित कराये जाने का अनुरोध किया गया है ।

उक्त के क्रम में अवगत कराना है कि पूर्व में कार्यालय कमिश्नर राज्य कर उ0प्र0, (स्थापना अराजपत्रित अनुभाग) के पत्र संख्या 1604 दिनांक 04.07.2022 द्वारा समस्त जोनल एडीशनल कमिश्नर, राज्य कर को जोनल कार्यालय में कार्यरत समस्त आशुलिपिक संवर्ग के कर्मचारियों की वित्तीय वर्ष 2020-21 से पूर्व की अपूर्ण मैन्युअल वार्षिक प्रविष्टियों को इम्प्लाई इंफार्मेशन मैनेजमेंट सिस्टम (EIMS) के पोर्टल में पूर्ण किये जाने के निर्देश निर्गत हैं ।

अतः उक्त संदर्भ में आपसे अपेक्षा की जाती है कि अपने अधीनस्थ कार्यालयों में तैनात आहरण वितरण अधिकारी को नामित करते हुए अपने स्तर से वित्तीय वर्ष 2021-22 से पूर्व की आशुलिपिक की मैन्युअल वार्षिक प्रविष्टि को इम्प्लाई इंफार्मेशन सिस्टम के मॉड्यूल में अंकित करने हेतु निर्देशित कर दिया जाए एवं 28.02.2023 तक इस आशय का प्रमाण पत्र इस कार्यालय में प्रेषित करना सुनिश्चित करें कि आशुलिपिक संवर्ग के सभी कर्मचारियों की मैन्युअल वार्षिक प्रविष्टि इम्प्लाई इंफार्मेशन सिस्टम के मॉड्यूल में आनलाइन अंकित कर दिया गया है ।

(ओम प्रकाश वर्मा)
अपर आयुक्त राज्य कर
प्रभार अपर आयुक्त (प्रशासन) राज्य कर,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

पृष्ठांकन पत्र संख्या व दिनांक उक्त।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित

1 संयुक्त आयुक्त (आई0टी0) राज्य कर मुख्यालय को इस आशय से प्रेषित की पत्र की प्रति विभागीय बेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।

2 प्रान्तीय महामंत्री, उत्तर प्रदेश वाणिज्य कर वैयक्तिक सहायक/आशुलिपिक सेवा संघ उत्तर प्रदेश।

15/2/2023
(डौली)
उपायुक्त (स्था0 अराज0)
मुख्यालय,लखनऊ।